भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

जनसंदेश टाइम्स

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 24.07.2019

आईआईटी में चार भवनों का लोकार्पण

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सत्र (2019-20) से वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन) की शुरुआत हो रही है। मंगलवार को संस्थान के निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने चार सुविधाओं का लोकार्पण किया। इसके तहत डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन विभाग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, संस्थान में छात्रों की सुविधाओं को बढ़ाने के क्रम में स्कूल ऑफ मैटेरियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के भवन का विस्तार के बाद लोकार्पित किया। वहीं, बीते सोमवार को संस्थान में नव निर्मित आईआईटी (बीएचयू) गर्ल्स हॉस्टल और 36 आवासीय क्षमता वाले प्रो. गोपाल त्रिपाठी शिक्षक आवासीय काम्प्लेक्स को भी लोकार्पित किया।

इस अवसर पर आईआईटी निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि संस्थान में इसी सत्र से शुरू हो रहे डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन में 20 छात्रों का प्रवेश लिया जाएगा। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर केके पाठक को विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही, आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ प्रोफेसर एसवाई कुलकर्णी को इंस्टीट्यूट प्रोफेसर पर नियुक्त किया गया है। विभाग में छात्रों के लिए अत्याधुनिक क्लासरूम कम स्टूडियो की सुविधा भी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त स्कूल ऑफ मैटेरियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के साथ चार मंजिली भवन बना कर विभाग का विस्तार किया गया है। इससे छात्रों को आधुनिक लैब, क्लासरूम जैसी सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर प्रो.एसके गुप्ता, प्रो.धनंजय पांडेय,प्रो. वाईसी शर्मा, प्रो. रजनेश त्यागी, प्रो.बीएन राय, डा.एसपी माथुर, डा.जनार्दन सिंह, प्रो.धनेश तिवारी, प्रो.राजेश कुमार और प्रो.राजीव प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

शिक्षकों के लिए 36 आवास की व्यवस्था: इसके अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने संस्थान में शिक्षकों के लिए तीन बीएचके युक्त 36 आवास वाले प्रोफेसर गोपाल त्रिपाठी शिक्षक अवासीय कॉम्प्लेक्स का भी उद्घाटन किया। इसके आवंटन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी।

सुविधा

वास्तुकला, योजना एवं अभिकल्प विभाग का शुभारंभ

782 छात्राओं के रहने लायक हास्टल

निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि सोमवार को उद्घाटित नवनिर्मित सात मंजिल के गर्ल्स हॉस्टल में 728 छात्राओं के रहने की व्यवस्था की गई है। इसमें चार अत्याधुनिक किचन, चार लिफ्ट, हॉस्टल परिसर के अंदर दो बैडमिंटन कोर्ट, कॉमन रूम, रीडिंग रूम, इंटरनेट, वाईफाई व्यवस्था की गई है। इस छात्रावास के मेस में 480 छात्राएं को एक साथ बैठकर भोजन करने की व्यवस्था है।